कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-29.08.2023

एफ0सी0आई0 मे नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करके पैसे हड़पने के मामले मे वांछित अभियुक्त जसवन्त चौहान थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-383/23 धारा 406,419,420,467,468,471 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जसवन्त चौहान पुत्र अवधेश चौहान नि0-ग्रा0 सेन्धुवारे थाना दुल्लहपुर जिला गाजीपुर, हाल पता-बेनीपुर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-29.08.2023 को समय करीब 07.45 बजे शक्तिपीठ कालोनी से कुछ ही दूरी पर सारनाथ रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-दिनांक-27.08.2023 को वादी मुकदमा श्री विकास प्रताप सिंह पुत्र श्री विजय सिंह निवासी-सा 3/15, छोटा लालपुर, लालपुर पाण्डेयपुर जनपद वाराणसी ने अभियुक्त जसवन्त चौहान द्वारा धोखा देकर एफ0सी0आई0 मे नौकरी लगवाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज देकर पैसा हड़पने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ मे मु0अ0सं0-383/23 धारा 406,419,420,467,468,471 भादवि पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 सुधाकर राय द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

जसवन्त चौहान पुत्र अवधेश चौहान नि0-ग्रा0 सेन्धुवारे थाना दुल्लहपुर जिला गाजीपुर, हाल पता-बेनीपुर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 26 वर्ष।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त जसवन्त चौहान ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने कुछ लोगों से नौकरी दिलवाने के नाम पर पैसा लिया था, जिसके सम्बंध में मेरे उपर मुकदमा लिख गया था। पकडे जाने के डर से मै ट्रेन पकडने के लिए सारनाथ रेलवे स्टेशन जा रहा था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 सुधाकर राय थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

2.का0 विनोद कुमार थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी